<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ</u>

तिथि 09 मार्च 2026 समय 1810

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' केवल चर्चा का विषय नहीं , बल्कि बजट का आधार है ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लाखों लाभार्थियों के खातों में विभिन्न योजनाओं के तहत करीब 1 हजार 884 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार अपने हर संकल्प को प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रही है।
- राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा ने रेल मंत्री से मदार -अजमेर-रोहतक विशेष रेलगाड़ी को दैनिक रेलगाड़ी के रूप में चलाने की मांग की।

---------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ांचा और मजबूत हुआ है। श्री मोदी 'सबका साथ सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित कर रहे थे।

\

<u>साथियों, भारत आज प्रिवेंटिव और होलिस्टिक हेल्थ के लिए एक विशाल विज़न पर काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है, सैकड़ों जिलों में नए-नए मेडिकल कॉलेज खुल गए हैं। आयुष्मान भारत योजना, आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ाई गई है।</u>

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है। देखभाल अर्थव्यवस्था के उदय पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा कि केयरगिवर्स की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है।

एक अहम विषय, जिसका मैं जिक्र करना चाहूंगा, वो है केयर इकॉनमी। आने वाले दशक में देश में सीनियर सिटीजन्स की संख्या तेजी से बढ़ेगी। इसके अलावा, आज वर्तमान में, दुनिया के कई देशों में केयरगिवर्स की भारी मांग है। इसलिए, अब हेल्थ सेक्टर में लाखों युवाओं के लिए, नई स्किल आधारित रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती संख्या पर गर्व व्यक्त किया। श्री मोदी ने भविष्य की प्रौद्योगिकियों में बेटियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने एक सशक्त अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण का आह्वान किया जो युवा शोधकर्ताओं को बिना किसी बाधा के नवाचार और प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करे।

आपके सुझाव बहुत अहम होंगे। साथियों, जब इन्स्टीट्यूशन्स, इंडस्ट्रीज, एकेडेमिया मिलकर काम करते हैं, तो परिवर्तन की गति तेज हो जाती है। बजट के बाद वेबिनार की जो ये सिरीज हुई है, मुझे विश्वास है उससे आने वाले समय के लिए ठोस दिशा मिलेगी। ऐसे ही प्रयासों से विकसित भारत की नींव और मजबूत होगी ।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रदेश के लाखों लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत करीब 1 हजार 884 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया

श्री नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2025 की फसलों के लिए किसानों को बीमा क्लेम वितरित किये गए हैं। उन्होंने बताया कि आज 1 लाख 67 हजार 460 किसानों के बैंक खातों में 711 करोड़ 69 लाख रुपये की बीमा राशि डाली गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया-

उन्होंने बताया कि आज सेवा विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 842 करोड़ 92 लाख रुपये की राशि सीधे 26 लाख 12 हजार लाभार्थियों के खातों में डाली गई है। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता और दिव्यांगजन भत्ता और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के लाभार्थियों को भी आज योजना का लाभ दिया गया है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा उनके साथ मौजूद रहे।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंजाब की आप सरकार पर चुनावी रेवड़ी बांटने का आरोप लगाया और पंजाब सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने अधिकारों के लिए प्रदर्शन करने वाली महिला कर्मचारियों पर आंसू गैस के गोले बरसाने की आलोचना की।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने हर संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रही है।मुख्यमंत्री विधानसभा में सदन में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में जारी की गई है। उन्होंने बताया कि 3 मार्च को प्रदेश की 602 गौशालाओं को 68 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। उन्होंने सदन को बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत 35 लाख महिलाओं को 1 हजार 357 करोड़ रुपये जारी किए गए।मुख्यमंत्री ने बताया कि आज भी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एंव अन्य योजनाओं के तहत 1 हजार 884 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इसमें वृद्धावस्था पेंशन, दयालु योजना तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ ही समय के दौरान राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हरियाणा प्रदेश के लाभार्थियों के खातों में कुल 3 हजार 309 करोड़ रुपये पहुंचाने का कार्य किया

है। यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार की प्रतिबद्धता और जनकल्याण के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा ने आज राज्यसभा में  रेल मंत्री से मदार - अजमेर- रोहतक विशेष रेलगाड़ी को दैनिक रेलगाड़ी के रूप में चलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह रेवाड़ी, नारनौल, झज्जर और रोहतक जैसे प्रमुख जिलों से इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रा करने वाले छात्रों , नौकरीपेशा लोगो , व्यापारियों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और क्षेत्रीय संपर्क से जुड़ा जनहित का मुद्दा है।राज्यसभा सदस्य ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि इस रेल को आधुनिक एलएचबी रेक के साथ पर्याप्त जनरल, सेकंड सिटिंग, स्लीपर और एसी चेयर कार कोचों के साथ स्थायी रूप से चलाया जाए, ताकि हरियाणा और राजस्थान के यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस रेल के “विशेष ” श्रेणी में चलने के कारण यात्रियों को इसकी निरंतरता को लेकर हमेशा अनिश्चितता बनी रहती है तथा आरक्षण सुविधाएँ भी सीमित रहती हैं। इसके कारण यात्रियों को कई बार अलग-अलग रेल गाड़ियों से लंबी और असुविधाजनक यात्रा करनी पड़ती है, जिससे न केवल उनका समय ज्यादा लगता है बल्कि आर्थिक बोझ भी बढ़ता है।

--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------